


## कोरोना की तीसरी लहर की आहट के बीच फिर सामने आए सोनू सूद

पूरी दुनिया के साथ ही भारत में भी एक बार फिर कोरोना वायरस के मामलों में तेजी से उछाल देखा जा रहा है। देश के हर प्रदेश में रोजाना कोविड–19 के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसके बाद कहा जा रहा है कि पिछले साल के बाद अब इस साल कोरोना की तीसरी लहर आ रही है। तीसरी लहर की आहट से लोगों में डर देखा जा रहा है। इस बीच बॉलिवुड ऐक्टर सोनू सूद ने लोगों से सुरक्षित रहने की सलाह दी है। कोरोना वायरस की पहली और दूसरी लहर में सोनू सूद ने प्रभावित लोगों की दिल खोलकर मदद की थी। इसके बाद वो पूरी दुनिया में मशहूर हो गए थे। उन्हें श्गरीबों का मसीहाश कहा जाने लगा। हर तरफ उनकी जय–जयकार होन लगी। अब तीसरी लहर की आहट से पहले सोनू सूद ने अपना एक मैसेज सोशल मीडिया पर शेयर किया है। सोनू ने अपनी एक तस्वीर शेयर की है जिस पर लिखा, कोरोना केसेस कितने भी क्यों ना बढ़ जाएं ईश्वर ना करे कभी मेरी जरूरत पड़े, लेकिन अगर कभी पड़ी, तो याद रखना मेरा फोन नंबर अभी वही है। इस मैसेज के कैप्शन में सोनू ने लिखा, श्हमेशा केवल एक फोन कॉल दूर। सुरक्षित रहें।श बता दें कि सोनू तब चर्चा में आ गए थे, जब कोरोना वायरस की पहली लहर के दौरान भारत के अलग–अलग हिस्से के प्रवासी मजदूरों की मदद के लिए वह सामने आए थे।

## ऐक्ट्रेस मृणाल ठाकुर कोरोना पॉजिटिव, इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर लोगों से ये कहा

शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर की फिल्म जर्सी 31 दिसंबर 2021 को रिलीज होनी थी। लेकिन कोरोना वायरस के बढ़ते मामले के कारण इसकी डेट आगे बढ़ा दी गई। क्योंकि इसे मेकर्स ने थिएटर्स में ही लाने का प्लान बनाया था। और वैसे भी दिल्ली और मुंबई में केस की संख्या में बढ़ोत्तरी के कारण सिनेमाघर बंद कर दिए गए हैं। तो ऐसे में फिल्म को पोस्टपोन करने का फैसला सही निकला। खैर, फिल्म को तो जो नुकसान हुआ, सो हुआ। मृणाल ठाकुर भी लपेटे में आ गईं। नए साल का पहला दिन ऐक्ट्रेस के लिए अच्छा नहीं रहा। जब उन्हें अपने कोरोना पॉजिटिव होने की जानकारी मिली। ऐक्ट्रेस ने बताया है कि उन्होंने हल्के लक्षण थे। उन्होंने टेस्ट कराया और रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद उन्होंने खुद को आइसोलेट कर लिया। हालांकि वह बेहतर महसूस कर रही हैं। लेकिन डॉक्टर की सलाह के हिसाब से वह सारे प्रिकॉशन्स फॉलो कर रही हैं। इसके अलावा इंस्टाग्राम पर इस बात की जानकारी देने के साथ ही उन्होंने सभी से सुरक्षित रहने की अपील की है।

## नए साल पर शहीर शेख ने बेटी संग शेयर की फोटो




टीवी के पॉप्युलर ऐक्टर शहीर शेख ने पिछले साल अचानक रुचिका कपूर संग कोर्ट मैरिज कर सभी को खुशी से चौंका दिया था। शादी के कुछ महीनों बाद ही उनकी वाइफ की प्रेग्नेंसी का खुलासा हुआ और और पिछले साल उनके घर में बेटी की किलकारियां गूंजी। वैसे तो शहीर अपनी निजी जिंदगी को बहुत प्राइवेट रखते हैं और सोशल मीडिया पर फैमिली से जुड़े पोस्ट कम ही शेयर करते हैं, लेकिन नए साल पर बेटी संग पहली बार फोटो शेयर की है। हालांकि, उन्होंने उसका चेहरा इमोजी से ढक दिया है। शहीर शेख ने वाइफ रुचिका और बेटी संग फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, सभी को हैप्पी न्यू ईयर... जैसे कि हम लोग अब 2022 में कदम रख रहे हैं तो मुझे आशा है कि हम अपना दृष्टिकोण बदलेंगे और अपने प्लैनेट की रक्षा और संरक्षण के प्रति जागरुक होंगे.. आने वाला साल हरा–भरा, खुशहाल और शांतिपूर्ण हो...। ऐक्टर ने कुछ दिनों पहले ही अपनी बेटी के नाम का भी खुलासा किया। उन्होंने बताया कि दोनों ने मिलकर अपनी बेटी का नाम अनाया रखा है। उन्होंने पोस्ट में अपनी बेटी को जिंदगी का खास तोहफा बताया।

# नेहा गोवा में कर रही थीं परफॉर्म, स्टेज पर ही निकल पड़े आंसू

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*नए साल पर नेहा कक्कड़ ने पति रोहनप्रीत सिंह के साथ इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर की हैं और अपने इमोशनल होने की वजह का भी खुलासा किया है। जहां एक तरफ 31 दिसंबर 2021 की रात को खुशी का मौका था। हर तरफ नए साल का स्वागत करने के लिए जश्न मनाया जा रहा था। खुद बॉलिवुड की मशहूर सिंगर नेहा कक्कड़ भी गोवा में दर्शकों के बीच लाइव परफॉर्मेंस दे रही थीं, लेकिन अचानक वो इतनी इमोशनल हो गईं कि वो खुद को रोक नहीं पाईं और स्टेज पर ही उनके आंसू छलक पड़े। इन आंसुओं के पीछे की वजह कोई और नहीं, बल्कि नेहा के पति रोहनप्रीत सिंह हैं। हालांकि, इसके पीछे की कहानी जानकर आप प्यार से मुस्कुरा जरूर देंगे।*



नेहा कक्कड़ ने पति रोहन के साथ इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर की हैं और अपने इमोशनल होने की वजह का भी खुलासा किया है। दरअसल, नेहा और रोहनप्रीत बीती रात अलग–अलग जगह पर परफॉर्म कर रहे थे। जब रात के 12 बजे लोग अपने–अपने करीबियों को विश कर रहे थे, तब नेहा भी रोहन को हग करके उन्हें हैप्पी न्यू ईयर बोलना चाहती थीं, लेकिन ऐसा हो नहीं पाया।

**नेहा का इमोशनल पोस्ट**

नेहा ने सोशल मीडिया पर लिखा है, आई मिस यू... ये फोटोज पिछले साल क्लिक की गई थीं और कल रात हम एक साथ नहीं थे, क्योंकि रोहू (रोहनप्रीत) पहलगाम, कश्मीर में और मैं गोवा में



परफॉर्मेंस दे रहे थे। मैं कल रात 12 बजे रोहन से बात करने के लिए बेकरार हो रही थी, लेकिन परफॉर्मेंस की वजह से ऐसा नहीं हो पाया। इसलिए मैं स्टेज पर इमोशनल हो गई। मैंने इस बारे में रोहू को अभी तक नहीं बताया, क्योंकि मैं स्टेज पर एक बार और रोने के कारण शर्मिंदा थी। चूंकि मैं बहुत इमोशनल हूं, इसलिए मैं इस पर कंट्रोल नहीं कर पाई। मेरे साथ रोहू नहीं था। मैं उसे टाइट हग करके हैप्पी न्यू ईयर बोलना चाहती थी। लेकिन मैं इस बात से खुश हूं कि हम दोनों ही साल के आखिरी दिन काम कर रहे थे और लोगों का मनोरंजन कर रहे थे।

**पति का बेसब्री से कर रही हैं इंतजार**

नेहा ने अपने पोस्ट के जरिए ये भी बताया है कि वो आज अपने पति से मिल रही हैं। उन्होंने लिखा, बेबी, मैं आज तुमसे मिलने का इंतजार नहीं कर सकती। मेरे पास पहुंचने के लिए तुम्हारा वेट कर रही हूं। लव यू मेरे ड्रीम हसबैंड।

**फैंस को किया विश**

इसी के साथ नेहा ने सभी फैंस को नए साल की शुभकामनाएं भी दी हैं। उन्होंने पोस्ट में आखिरी में लिखा है, श्सभी को हैप्पी न्यू ईयर और मेरे #NeHearts मैं आप सभी से प्यार करती हूं। नेहा कक्कड़ और रोहनप्रीत सिंह की शादी 24 अक्टूबर 2020 में हुई थी। इस प्राइवेट वेडिंग सेरेमनी में सिर्फ करीबी दोस्त और फैमिली ही शामिल हुई थी। नेहा ने अपनी रिसेप्शन पार्टी में भी परफॉर्मेंस दी थी।

# अंकिता लोखंडे ने ढोल की आवाज पर बदली मोरनी जैसी चाल

*अंकिता लोखंडे को फैन्स ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद भले ही कितना भला–बुरा कहा हो, लेकिन उन्होंने लोगों की इन बातों को दिल पर लेना छोड़ दिया है और अपनी लाइफ को अपने अंदाज में जी रही हैं। अंकिता अपनी लाइफ को बिंदास जी रही हैं और अब शादी के बाद अपनी लाइफ में आगे बढ़ रही हैं। नए साल के मौके पर अंकिता ने अपना धमाकेदार डांस वीडियो शेयर किया है।*





अंकिता इस डांस वीडियो में अपने पति विक्की जैन के साथ ठुमके लगाती दिख रही हैं। अंकिता ने लिखा है, हमारे डांस की तरह आपका भी नया साल धमाकेदार रहे। इसके अलावा अंकिता ने कुछ और वीडियो शेयर किए हैं। इस साल का पहला वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने साल 2022 का अपने खास अंदाज में स्वागत भी किया है। वहीं पर्सनल और प्रफेशनल फ्रंट की बात करें तो पिछले दिनों जहां अंकिता अपनी शादी को लेकर जमकर चर्चा में रही हैं, वहीं पवित्र रिश्ता 2 को लेकर भी वह सुर्खियों में हैं।

बताते चलें कि अंकिता को सुशांत के फैन्स अक्सर खरी–खोटी सुनाया करते हैं। अंकिता उन फैन्स को करारा जवाब भी दे चुकी हैं। अंकिता ने एक वीडियो शेयर कर पूछा भी था कि जो लोग आज उनपर उंगली उठा रहे हैं, वे उनके रिश्ते को जानते ही नहीं थे। उन्होंने पूछा था– वे लोग तब कहां थे जब हमारा रिश्ता खत्म हो रहा था। अंकिता ने उस वीडियो में कहा था, श्मैं अपने डांस वीडियोज बनाती हूं क्योंकि मुझे अच्छा लगता है, लेकिन मैं बहुत दिनों से देख रही हूं कि लोग गालियां दे रहे हैं, बहुत गंदा–गंदा बोलते हैं, मुझे फर्क नहीं पड़ता कि लोग मुझे क्या बोलते हैं, लेकिन मेरे मम्मी–पापा को बहुत बुरा लगता है। वे काफी सेंसिटिव हैं, वे इस इंडस्ट्री से नहीं हैं तो उनके लिए ये सब डाइजेस्ट करना बहुत मुश्किल होता है कि लोग ऐसे क्यों गाली देते हैं और मैंने क्या गलत किया है।